## सार-समाचार

### लाडो उत्सव का आयोजन

**सीकर** (निसं)। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजनान्तर्गत लाडों प्रोत्साहन योजना के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को लाडो उत्सव का महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम, गतिविधियों का आयोजन किया गया। आंगनवाडी 31-2, 31-3 वार्ड नम्बर 7 में लाडो उत्सव कार्यक्रम के दौरान केक काटकर बेटियों का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान छोटी बालिकाओं एवं उनकी माताओं को बेबी किट, खेस, बीबीबीपी लोगो युक्त मग एवं बधाई संदेश वितरित किये गये। राजेन्द्र कुमार चौधरी उपनिदेशक महिला अधिकारिता सीकर द्वारा बताया गया कि लाडो योजना की शुरूआत एक अगस्त 2024 से प्रारम्भ हुई थी। जिसके तहत बेटी जन्म पर कुल 1.50 लाख रूपये का संकल्प पत्र दिया जाता है। लाडो प्रोत्साहन योजनान्तर्गत बालिका के जन्म से लेकर स्नातक उर्तीण होने तक 1.50 लाख रूपये की राशि 7 किश्तों में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान किये जाने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत राजकीय चिकित्सा संस्थान, जननी सुरक्षा योजना के लिए अधीस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में जन्म लेने वाली समस्त बालिकाएं पात्र है। लाडो उत्सव कार्यक्रम के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता कमला, ममता बोयल, केन्द्र प्रबंधक नीलम कुमारी, काउंसलर राजेश कुमारी, रिचा पारिक एवं एडवोकेट कृष्णा कुमारी उपस्थित रही साथ ही ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर लाडो प्रोत्साहन योजना के बधाई संदेश का वितरण, जाजम बैठक, बेटी जन्मोत्सव इत्यादि कार्यक्रमों का जिले भर में पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता सीकर द्वारा आयोजन किया गया।

### जर्जर हवेली को ध्वस्त किया

**सीकर** (निसं)। राजस्थान सरकार के आदेशानुसार, सीकर नगर परिषद द्वारा शहर में मौजूद जर्जर और खतरनाक इमारतों को चिन्हित कर गिराने की मुहिम तेज़ कर दी गई है। शुक्रवार को वार्ड नंबर 07 एलआईसी आफिस के सामने स्थित पुरानी हवेली जो कि जर्जर अवस्था में थी, हवेली के उत्तरी भाग में बने बरामदे की छत काफी टूटी हुई थी जिसे सुरक्षा के लिहाज से हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भवन का बरामदा में गहरी दरारें आ चुकी थीं। वहीं भवन का बाहरी हिस्सा भी काफी क्षतिग्रस्त हो चुका था, जो कि किसी भी वक्त गिर सकता था। मानसून के इस मौसम को देखते हुए नगर परिषद ने इसे जन सुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए तत्काल गिराने का निर्णय लिया। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि शहर में जितने भी जर्जर सरकारी भवन, पुरानी हवेलियां और खतरनाक ढांचे हैं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। कई भवनों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके हैं। हम आमजन से अपील करते हैं कि वे स्वयं भी सतर्क रहें और आसपास यदि कोई जर्जर निर्माण है तो उसकी सूचना परिषद को अवश्य दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई हो सके। सीकर नगर परिषद की यह कार्रवाई आने वाले दिनों में और तेज़ होने वाली है। इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी प्रमोद सोनी, नरेंद्र कुमार नट, सहायक अभियंता नगरमल, वाजिद अहमद, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र गोदारा, लक्ष्मण सिंह लदड़, लोकेश कुमार गोठवाल अग्निशमन अधिकारी, नंदू सिंह कनिष्ठ लिपिक नगर परिषद सीकर संबंधित जॉन इंस्पेक्टर एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर स्थगित

**पाटन** (निसं)। सर्व समाज एवं ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिमाह के प्रथम रविवार को संकल्प परिसर, खेतड़ी मोड़ पर आयोजित होने वाला सुपर स्पेशियलिटी जांच एवं परामर्श शिविर इस बार 3 अगस्त 2025 को आयोजित होना प्रस्तावित था। किन्तु अपरिहार्य कारणों से इसका आयोजन स्थगित कर दिया गया है। अब यह शिविर आगामी 7 सितंबर 2025 (रविवार) को पूर्व निर्धारित स्थान पर ही संपन्न होगा। महासभा के अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर की स्थगन सूचना सभी हितधारकों तक पहुंचा दी गई है तथा जिन रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता है, वे संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों से दूरभाष पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले शिविर में अधिक व्यापक सेवाएं एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। हर माह की भांति इस शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, नेफ्रोलॉजी, चर्म रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग समेत अनेक विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं देने हेतु उपस्थित रहते हैं। स्थानीय एवं दूरदराज के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में रोगी इस शिविर से लाभान्वित होते रहे हैं।आयोजन समिति ने नागरिकों से अपील की है कि वे 7 सितंबर 2025 को होने वाले शिविर में समय पर पधारें तथा शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं।

### सम्मान समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। माहेश्वरी समाज का सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम की द्वीप प्रज्वलन व महेश वंदना से हुई। इस अवसर पर समाज वरिष्ठ जनों को माला व दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मशहूर गायक कलाकार अनुज चितलांगिया ने राजस्थानी गीत की प्रस्तुति दी व सुरेश बांगड़ ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान खेलों का भी आयोजन किया गया। संचालन डॉ विमला मूंदडा, सोनू सोमानी, भावना चितलांगिया, रेनू काबरा ने किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अनिल सोमानी, कार्यक्रम संयोजक डॉ विमला मुंदडा, प्रेम प्रकाश सोमानी, जयप्रकाश सोमानी, सुशील चितलांगिया, लक्खी चितलांगिया, नरेश चितलांगिया, विष्णु काबरा, सुनील काबरा, श्याम मूंदडा, सुमित काबरा, मुरलीधर जी काबरा, सुरेश काबरा, किशन लखोटिया, डॉ. प्रकाश मूंदड़ा, आनंद सोमानी, लक्ष्मी सोमानी, संतोष काबरा, रेखा सोमानी, नेहा सोमानी, सविता लड्डा, रेनू चितलांगिया, रेखा मूंदड़ा सहित समाज के गणमान्य जन मौजूद थे। रामस्वरूप सोमानी ने आभार जताया।

### आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**चूरू** (निसं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम चुरु के सहायक अभियंता ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि षनिवार 2 अगस्त को 33/11 केवी, जीएसएस जयपुर रोड चूरू पर विद्युत् तंत्र के रखरखाव एवं अर्थिंग का कार्य करने के चलते सुबह 7बजे से 9बजे तक अग्रसेन नगर, शांति कॉलोनी, मयूर विहार कॉलोनी, डीटीओ ऑफिस, कलेक्ट्रेट सर्किल, भरतिया अस्पताल, नई सडक, नया बास, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड़, पुरानी सडक, जयपुर रोड, रामसरा रोड व जयपुर रोड जीएसएस से जुडे हुए समस्त विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति दो घंटे तक बंद रहेगी।

### ढांढ़ण धाम पदयात्रा 21 को

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। श्री ढांढण दादी परिवार की मीटिंग संस्था के उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें भादव मेले पर ढांढण धाम के लिए पदयात्रा 21 अगस्त को रखी गई है। जिसकी पूर्व रात्रि को कीर्तन नरेश बजाज के निवास स्थान पर किया जाएगा साथ ही भादो अमावस्या पर लक्ष्मणगढ़ स्थित टीडा गेला दादी मंदिर में दादीजी का भव्य श्रृंगार कीर्तन व मेले का आयोजन भी किया जाएगा। मीटिंग में मंत्री मुकेश बजाज कोषाध्यक्ष नरेश बजाज सहकोषाध्यक्ष विनोद बजाज विनीत सुशील बजाज संयोजक संदीप बजाज सुरेश बजाज राजेश शिवकुमार बजाज पुनीत बजाज राकेश बजाज विवेक दिनेश बजाज वैभव बजाज उपस्थित थे।

### गोस्वामी तुलसीदास व प्रेमचंद की जयंती मनाई

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। मोहिनी देवी गोयनका पीजी महिला महाविद्यालय में तुलसीदास और प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने गोस्वामी तुलसीदास और प्रेमचंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए छात्राओं को दोनों की रचनाओं को पढ़ने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं आयुषी टेलर, भारती घायल, रुचिका, निकिता, और प्रतिक्षा जोशी ने अपने विचार व्यक्त किए है। इस अवसर पर हिंदी विभाग की प्रवक्ता श्रीमती रजनी जोशी ,इतिहास विभाग के प्रवक्ता से शिवचंद जी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हनुमान चालीसा के पाठ किए गए।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर द्वारा प्रायोजित पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकाय उप चुनाव 2025 के लिए जिला कलेक्ट्रेट सीकर में संचालित नियंत्रण कक्ष 01572-251008 को निर्वाचन नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निर्वाचन नियंत्रण कक्ष से संबंधित कार्य नियत समय पर संपादित किया जाना सुनिश्चित करें।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात की



सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में कई सीजन के बकाया फसल बीमा यूरिया की आपूर्ति न होने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

**चूरू** (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में कई सीजन के बकाया फसल बीमा यूरिया की आपूर्ति न होने एवं डीएपी/यूरिया के बैग के साथ टैगिंग का मुद्दा उठाया। सांसद कस्वां ने बताया कि राजस्थान में यूरिया की भारी किल्लत के चलते किसान परेशान हैं। इस वक्त खरीफ फसलों के लिये यूरिया की भारी डिमांड है लेकिन मांग के अनुरूप सप्लाई नहीं हो पा रही है। अत: प्रदेश सरकार से समन्वय कर किसानों के लिये यूरिया की व्यवस्था तत्काल की जाए।

भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा आदेशित करने के बावजूद इफको जैसी कम्पनियों द्वारा यूरिया व डीएपी के बैग के साथ नैनो यूरिया/नैनो डीएपी की टैगिंग की जा रही है, जिससे किसानों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड रहा है। साथ ही टैगिंग से डीलर्स भी परेशान हैं। अत: सरकार इस सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही कर सभी कम्पनियों को टैगिंग नहीं करने के आदेश की पालना सुनिश्चित करे।

फसल बीमा क्लेम के सम्बन्ध में सांसद राहुल कस्वां ने कृषि मंत्री को बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र के किसानों के खरीफ-2021; खरीफ-2023 रबी 2022/23 रबी-2023/24 के फसल बीमा क्लेम आज दिन तक लम्बित चल रहे हैं। सम्बन्धित बीमा कम्पनियों द्वारा बेबुनियाद आपत्तियां लगाकर किसानों का हक छिनने का कुत्सित प्रयास हो रहा है। प्रदेश सरकार फसल बीमा क्लेम को लेकर बिल्कुल भी संवेदनशील दिखाई नहीं पड़ रही है क्योंकि आपत्तियों के निस्तारण सम्बन्धित बैठकें भी लम्बे समय से आहूत नहीं की जा रही हैं।

खरीफ-2021 में चूरू जिले के किसानों का क्रॉप कटिंग के आधार पर लगभग 750 करोड रू. का फसल बीमा क्लेम बन रहा था, जिसमें से मात्र 250 करोड़ रू. ही जारी हुए। तत्कालीन बीमा कम्पनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने 637 पटवार मंडलों पर आपत्ति लगाई थी। 29 फरवरी 2024 को राजस्थान सरकार की ने इनमें से 281 पटवार मंडलों में क्रॉप कटिंग रिपोर्ट पर बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर होने के कारण क्रॉप कटिंग के आधार पर बीमा क्लेम देने एवं शेष 358 पटवार मंडलों पर निर्णय हेतु फाईल केन्द्र सरकार की के समक्ष भेजी गई। आज दिन तक उक्त फाईल जयपुर और दिल्ली के बीच घूम रही है, जिसके चलते किसानों को उनके हक का बीमा क्लेम नहीं मिल पाया है। अत: सभी पटवार मंडलों में क्रॉप कटिंग के आधार पर बीमा क्लेम मय ब्याज जारी करवाया जाए। इसी प्रकार खरीफ-2023 में किसानों को भारी नुकसान हुआ। सम्बंधित बीमा कम्पनी 719 इंश्योरेंस यूनिट पर बेबुनियाद आपत्ति लगाकर बीमा क्लेम नहीं देने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार का रवैया इतना संवेदनहीन है कि आपत्तियों के निस्तारण हेतु की बैठक तक आहूत नहीं की जा रही है। अत: इस सम्बन्ध में राज्य सरकार को निर्देशित कर की बैठक आहूत करवाकर आपत्तियों का निस्तारण करवाया जाए और योजना की गाइडलाइंस के मुताबिक ब्याज सहित बीमा क्लेम दिलवाया जाए। इसके अलावा सांसद कस्वां ने रबी 2022/23; रबी-2023/24 में भी सम्बंधित बीमा कम्पनियों द्वारा क्लेम नहीं देने की मंशा से बेबुनियाद आपत्तियां लगाई गई जबकि फसल कटाई प्रयोग बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, पटवारी, राजस्व कर्मचारी एवं किसान की उपस्थिति में हुए। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आपत्तियों का निस्तारण भी किया गया लेकिन बीमा कम्पनियां शिकायतो को बारम्बार रिव्यू के लिये भेज रही हैं।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। शुक्रवार को शहर में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में मनी विहार पावर हाउस का घेराव कर विरोध किया गया। जीएसएस पॉवर हाउस पर कोई भी उच्च अधिकारी नहीं मिला। तकरीबन दो घंटे तक जीएसएस के बाहर सैकडों लोगों की भीड जेईएन का इंतजार करती रही। उसके बाद भीड के उग्र प्रदर्शन करने पर प्रशासन को मजबूरन एईएन शहर को बुलाना पड़ा और उन्होंने पॉवर हाउस के बाहर आकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन में मुख्य रूप से बताया गया है कि घरों पर चोरी छुपे आकर पुराना मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली का निजीकरण बंद करने, ठेका प्रथा बंद करने, बिजली विभाग में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने तथा एफआरटी की कार्य शैली में स्थिरता लाने व उपभोक्ताओं की समस्याओं का तुरंत निवारण करने बाबत ज्ञापन दिया गया। माकपा के तहसील सचिव कामरेड बिलाल कुरैशी व नौजवान सभा जिला महासचिव योगेश कटारिया ने संबोधित करते हुए कहा सरकार के पास शिक्षा, रोजगार के बजट के लिए पैसा नहीं है। लेकिन जनता को लूटने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पैसा है। यह बड़ी दुखद बात है प्रदेश की जनता बिजली पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है। धरने को अब्दुल रहमान सैय्यद, चुकी नायक, पार्षद जुबेर सैयद, अब्दुल रहीम फूलका, अनवर सैयद, गोटादेवी, निर्मलादेवी, बिलाल सैयद, आरिफ चिश्ती, मुमताज चिश्ती, मोहम्मद कैफ कुरैशी, जुनैद कुरैशी, अनीश फारुकी आदि साथियों ने संबोधित किया। धरने में पूजा नायक, रोहिणी देवी, गायत्री, पार्वती, मंजूदेवी, बिमला, मोहिनी, संतोष, रूकमणी, सरोज सहित सैकडों की संख्याओं मैं मौजूद थे।

# विधायक सहारण ने जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया



विधायक हरलाल सहारण ने गाजसर गेनाणी, जौहरी सागर, ताजूशाह तकिया सहित विभिन्न जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर पिछले कई घंटो से लगातार हो रही बरसात के बाद विधायक हरलाल सहारण ने गाजसर गेनाणी, जौहरी सागर, ताजूशाह तकिया सहित विभिन्न जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

लोगों ने बताया कि बरसात होने के कुछ घंटो में ही पानी निकासी हो रही है। कुछ वर्षों पूर्व जहां बारिश का पानी कई दिनों तक मार्गों पर बरसात का पानी जमा होता था, अब पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण के प्रयासों से पानी की निकासी होने लग गई है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने स्थानीय लोगों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान करने के प्रयास कर रही है। आने वाले समय में इस समस्या के स्थाई समाधान हेतु कार्य योजना बनाई जायेगी। इस अवसर पर आयुक्त अभिलाषा सिंह, प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, मण्डल अध्यक्ष, धर्मेन्द्र राकसिया, सुरेश सारस्वत, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, सुनील ढाका, कैलाश डुडी, मनोज शर्मा सहित अनेक वार्डवासी, स्थानीय नागरिक व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 1100 महिलाओं को चुनड़ी ओढ़ाकर पौधे बांटे

**झुंझुनूं**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आ ान पर एक पेड मां के नाम अभियान व हरियालो राजस्थान के तहत ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 24 में राजस्थानी शिशु मंदिर स्कूल तथा जाट बोर्डिंग के समीप खाली पडे मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा की तरफ से पौधारोपण अभियान के शहर संयोजक रवि गुप्ता बिरमीवाला के संयोजन में हुए कार्यक्रम में कार्यक्रम में 1100 के करीब महिलाओं को पहले चुनडी ओढाकर उनका सम्मान किया गया। इसके बाद सभी को एक-एक पौधा भेंट किया। इस मौके पर महिलाओं और अन्य लोगों ने पौधों को लगाकर उसकी परवरिश बच्चों की तरह करने का संकल्प लिया। दादूद्वारा बगड के महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में हुए कार्यक्रम के बतौर अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू, राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योराण, भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी थे। इस मौके पर भांबू ने रवि गुप्ता बिरमीवाला के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह कार्यक्रम झुंझुनूं शहर को हरा भरा करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस मौके पर आयोजन स्थल पर नगर परिषद द्वारा पार्क विकसित करने की घोषणा की। साथ ही कहा कि नगर परिषद इस जगह को एक पार्क के रूप में विकसित करेगी।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। झुंझुनूं शहर के छावनी बाजार स्थित छावनी नरेश बालाजी मंदिर के सामने हुए पाठ में विधायक राजेंद्र भांबू समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस मौके पर दादूद्वारा बगड़ के महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज, खासोली धाम चूरू के संत नवरत्नगिरी महाराज व मोहनदास महाराज के सानिध्य में सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा का संगीतमयी आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी संतों का स्वागत किया गया।

# 'जल भराव के निस्तारण के लिए संसाधनों का बेहतरीन प्रबंधन करें'



जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने तारानगर में जल भराव का निरीक्षण किया।

**तारानगर** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को तारानगर उपखंड मुख्यालय पर बरसात के दौरान हुए जल भराव की स्थितियों का जायजा लिया व अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

जल भराव क्षेत्रों का अवलोकन करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जल भराव के निस्तारण के लिए संसाधनों का बेहतरीन प्रबंधन करें। पानी भराव क्षेत्रों में जल निकासी हेतु पर्याप्त पंप, मोटरें आदि लगाएं तथा शीघ्र पानी निकास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी मुस्तैद रहें। आमजन से किसी भी माध्यम से जल भराव की सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

फील्ड स्तरीय टीम ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरीन प्रबंधन के साथ काम करें। विकास अधिकारी, तहसीलदार ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव समस्या के निस्तारण के लिए समुचित मॉनीटरिंग करें।

जिला कलेक्टर ने तारानगर उपखंड मुख्यालय पर वार्ड नंबर 2, 3 व बस स्टैण्ड के पीछे एसटीपी, श्मशान भूमि की क्षतिग्रस्त दीवार, राउमावि, अंबेडकर सर्किल आदि स्थानों पर जल भराव का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। एसडीएम राजेन्द्र कुमार ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार महेन्द्र गहलोत, बीडीओ अशोक कुमार, ईओ अजय प्रताप सिंह, राकेश जांगिड सहित आमजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### नगरीय निकायों के उपचुनाव की घोषणा

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में 31 मई 2025 तक रिक्त हुये विभिन्न पदों पर उप चुनाव कराये जाने की घोषणा कर दी गई है। कार्यक्रम के अनुसार सीकर जिले में नगरपालिका खण्डेला के वार्ड संख्याक 23 का उप चुनाव 21 अगस्त 2025 को करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों की घोषणा के साथ ही संबधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपचुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होने तक अथवा आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक संबधित निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता की राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाईन की अक्षरश: पालना किया जाना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सदस्य पद के लिए लोक सूचना जारी करने की तिथि 5 अगस्त 2025 (मंगलवार), नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 11 अगस्त 2025 सोमवार को प्रात: 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक (राजपत्रित अवकाश को छोडकर), नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 12 अगस्त 2025 (मंगलवार) को प्रात: 10:30 बजे से, अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि 14 अगस्त 2025 (गुरुवार) को अपराह 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन 16 अगस्त 2025 (शनिवार), मतदान की तिथि एवं समय 21 अगस्त 2025 (गुरुवार), मतदान की तिथि एवं समय प्रात: 7 बजे से सायं 5 बजे तक, मतगणना की तिथि एवं समय 22 अगस्त 2025 (शुक्रवार) प्रात: 9 बजे से आयोजित की जायेगी।

### फायरिंग के दो और आरोपी गिरफ्तार

**सुजानगढ़** (निसं)। गांधी चौक में स्थित दुकान पर बैठे ज्वेलर्स पर फायरिंग करने वाले रोहित गोदारा व वीरेंद्र चारण के गुर्गो को शरण देने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बेगाराम मीणा ने बताया कि शहर के ज्वैलर से वीरेन्द्र चारण ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर दो करोड की फिरौती मांगी थी। फिरौती की रकम नहीं देने पर 26 अप्रेल 2023 को वीरेन्द्र चारण के गुर्गो ने ज्वेलर की दुकान पर फायरिंग की थी, जिसमें एक कांस्टेबल घायल हो गया था। सीआई ने बताया कि फायरिंग के बाद बदमाशों को फरार करने और अपने घर पर शरण देने तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर पंहूचाने के आरोप में धन्नाराम उर्फ विकास पुत्र नारायणराम जाट (30) निवासी बल्दू, जिला नागौर तथा धर्मेन्द्र पुत्र हनुमानाराम जाट (25) निवासी मूंदडा को गिरफ्तार किया गया है। दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हे दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। सीआई बेगाराम ने बताया कि आरोपी धन्नाराम उर्फ विकास निंबी जोधा थाने का हिस्ट्रीशीटर है तथा धर्मेन्द्र के खिलाफ डीडवाना, लाडनूं थाने में विभिन्न धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज है। आपको बता दें कि ज्वैलर पर फायरिंग करने के प्रकरण में पहले ही नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है।

### युवक की हत्या कर शव फैंकने का आरोप, मामला दर्ज

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित शेखावत कॉलोनी निवासी एक युवक की गुरुवार देर रात डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान मौत की खबर सामने आई है। परिजनों ने पूनरासर हाल हाउसिंग बोर्ड निवासी पृथ्वी सिंह और अन्य लोगों के खिलाफ हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस देर रात डीबी अस्पताल पहुंची। पुलिस ने 35 वर्षीय टीकू चंद शर्मा के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई पवन कुमार शर्मा ने बताया कि टीकूचंद ट्रक ड्राइविंग करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि बुधवार रात संदिग्ध लोगों ने उनके भाई की हत्या कर शव को एफसीआई गोदाम के पास फेंक दिया। रात करीब 10 बजे सद्दाम नामक व्यक्ति ने मृतक के भाई पवन को फोन कर घटना की जानकारी दी। पवन नागौर से देर रात करीब डेढ़ बजे चूरू पहुंचा। इससे पूर्व टीकूचंद को 108 एंबुलेंस से डीबी अस्पताल पहुंचाया गया था। परिजनों का आरोप है कि पृथ्वी सिंह और अन्य व्यक्तियों ने साजिश पूर्वक टीकूचंद की हत्या की है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया है। कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया, एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई वीरेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल सुभाष चंद्र मीना व कॉन्स्टेबल सुनील कुमार अस्पताल पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी में जुट गये।

### गुढ़ा पब्लिक स्कूल में छात्रसंघ चुनाव संपन्न

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल परिसर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्र संघ चुनाव बड़े ही उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। इन चुनावों का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना और उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना रहा।सुबह से ही मतदान केंद्रों पर छात्रों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मतदान का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित था, जिसमें अधिकांश पंजीकृत छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में हेड बॉय, डिप्टी हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड गर्ल सहित विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय प्रशासन की चुनाव टीम पूरी तरह सक्रिय रही। मतदान संपन्न होने के पश्चात मतपेटिकाओं को सील कर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। मतगणना कल प्रात: की जाएगी, जिसके पश्चात औपचारिक रूप से परिणामों की घोषणा की जाएगी। छात्र समुदाय में परिणामों को लेकर विशेष उत्सुकता और रोमांच देखा जा रहा है।